भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1187**

जिसका उत्तर सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

**पीएम स्वनिधि योजना**

1187. श्री कौशलेन्द्र कुमार:
श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पीएम स्वनिधि और सीएम स्वनिधि योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ख) देश में उक्त योजना के अंतर्गत अब तक लाभार्थियों को कितनी ऋण राशि संवितरित की गई है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क):** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने 01 जून, 2020 को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडरों को संपार्श्विक मुक्त कार्यशील पूंजी सावधि ऋण की सुविधा प्रदान करना है। भारत सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। दिनांक 19.11.2025 की स्थिति के अनुसार, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 68,89,240 लाभार्थी हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभार्थियों की संख्या अनुबंध के अनुसार है।

**(ख):** योजना की शुरुआत से लेकर 19 नवंबर 2025 तक, देश भर में 68.89 लाख स्ट्रीट वेंडर लाभार्थियों को ₹14,595.47 करोड़ की राशि के कुल 99.07 लाख ऋण वितरित किए गए हैं।

*****

**अनुबंध**

| दिनांक 19.11.2025 तक पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार लाभार्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** | **लाभार्थियों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 549 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3,68,936 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 4,814 |
| 4 | असम | 1,22,319 |
| 5 | बिहार | 1,29,139 |
| 6 | चंडीगढ़ | 5,025 |
| 7 | छत्तीसगढ | 92,323 |
| 8 | दिल्ली | 1,92,784 |
| 9 | गोवा | 1,619 |
| 10 | गुजरात | 4,83,668 |
| 11 | हरियाणा | 1,69,900 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 5,480 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 17,315 |
| 14 | झारखंड | 86,036 |
| 15 | कर्नाटक | 3,98,083 |
| 16 | केरल | 1,20,526 |
| 17 | लद्दाख | 464 |
| 18 | लक्षद्वीप | - |
| 19 | मध्य प्रदेश | 8,96,441 |
| 20 | महाराष्ट्र | 8,61,013 |
| 21 | मणिपुर | 9,843 |
| 22 | मेघालय | 3,949 |
| 23 | मिजोरम | 2,714 |
| 24 | नागालैंड | 3,718 |
| 25 | ओडिशा | 65,580 |
| 26 | पुडुचेरी | 3,551 |
| 27 | पंजाब | 1,70,392 |
| 28 | राजस्थान | 1,94,172 |
| 29 | सिक्किम | 1,258 |
| 30 | तमिलनाडु | 4,03,767 |
| 31 | तेलंगाना | 4,29,519 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 2,222 |
| 33 | त्रिपुरा | 5,701 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 13,97,386 |
| 35 | उत्तराखंड | 28,700 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2,10,334 |
| | **कुल** | **68,89,240** |

*****